आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–28 फरवरी 2026 **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ के लोकभवन में उज्ज्वला योजना के लाभार्थी महिलाओं को मुफ्त एलपीजी गैस सिलिण्डर रिफिल का अनुदान प्रदान किया। इसी क्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों में भी जनप्रतिनिधियों ने लाभार्थियों को अनुदान प्रदान किया। इस दौरान लखनऊ हुए मुख्य कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी हुआ। वर्ष दो हजार सोलह में शुरू हुयी प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में वर्तमान में प्रदेश में एक करोड़ छियासी लाख महिला लाभार्थी हैं। प्रदेश इस योजना के क्रियान्वयन में अग्रणी राज्य रहा है। सरकार की ओर से वर्ष में दो बार होली और दीपावली पर योजना के लाभार्थियों को मुफ्त सिलिण्डर उपलब्ध कराया जा रहा है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में इसके लिये पन्द्रह सौ करोड़ रूपये की धनराधि का प्राविधान किया गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की पच्चीस करोड़ जनता की सुरक्षा, उनका सम्मान और स्वावलम्बन सरकार की प्राथमिकता है–

याद करिए न कोरोना कब का समाप्त हो गया। लेकिन 80 करोड़ लोग देश के अंदर फ्री में राशन की सुविधा का और उनमें 15 करोड़ अकेले उत्तर प्रदेश के लोग प्राप्त करते हैं। उज्जवला योजना में देश के अंदर 10 करोड़ से अधिक लोगों को सुविधा प्राप्त हुई। उत्तर प्रदेश में 1 करोड़ 86 लाख लाभार्थी अब सोचो जिसको कभी सिलेंडर नही मिला उसको मोदी जी ने दे दिया।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए एक व्यापक कार्य योजना तैयार करने का निर्देश दिया है, जिससे कि ये केन्द्र स्वयं के भवनों से संचालित हो सकें। राज्य में एक लाख नवासी हजार से अधिक आंगनवाड़ी केंद्र कार्यरत हैं, इनमें से लगभग छिहत्तर हजार अभी भी स्वयं के भवनों के बिना संचालित किये जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि आंगनवाड़ी केंद्र 3 से 6 वर्ष की आयु के बच्चों की देखभाल करते हैं और पूर्व–प्राथमिक शिक्षा केंद्रों के रूप में भी कार्य करते हैं। इसलिए, बच्चों के लिए अनुकूल बुनियादी ढांचा, उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षण व्यवस्था और आकर्षक भवन डिजाइन सुनिश्चित करना आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भवनों के निर्माण में कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहलों के माध्यम से सहायता की जा सकती है। श्री योगी ने दोहराया कि बच्चों, गर्भवती महिलाओं और समुदाय के लिए सुरक्षित, स्वच्छ और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। समाचार कक्ष से मैं मुकेश कुमार बल।

****

अमेरिका और इस्राइल की ओर से ईरान पर हुए हमले को देखते हुए भारत ने इस्राइल में रहने वाले सभी भारतीय नागरिकों से सावधानी बरतने और हर समय सतर्क रहने को कहा है। इस्राइल स्थित भारतीय दूतावास ने परामर्श में भारतीय नागरिकों से इस्राइल के अधिकारियों और गृह मोर्चा कमान द्वारा जारी सुरक्षा दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन करने को कहा है। एक रिपोर्ट–

सभी भारतीय नागरिकों से निर्धारित आश्रय स्थलों के निकट रहने और अपने निवास या कार्यस्थल के आस–पास के सुरक्षित स्थानों से परिचित होने को कहा गया है। भारतीय नागरिकों को अगली सूचना तक इस्राइल के भीतर सभी गैर–जरूरी और अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह भी दी गई है। भारतीय नागरिक किसी भी आपात स्थिति में तेल अवीव स्थित भारतीय दूतावास से चौबीस घंटे हेल्पलाइन. 972.54. 7520711 और ईमेल बवद1.जमसंअपअ/उमं.हवअ.पद इनके माध्यम से संपर्क कर सकते हैं। परामर्श में कहा गया है कि दूतावास संबंधित अधिकारियों के साथ सम्पर्क में है और आवश्यकता के अनुसार अपडेट जारी करता रहेगा। सुपर्णा की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से जागृति शर्मा।

वहीं, विदेश मंत्रालय ने ईरान में भी मौजूद सभी भारतीय नागरिकों को मौजूदा स्थिति को देखते हुए अत्यधिक सावधानी बरतने, अनावश्यक आवाजाही से बचने और यथासंभव घर के अंदर रहने की सलाह दी है।

****

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर आज प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। यह दिवस प्रतिवर्ष अट्ठाइस फरवरी को महान भौतिकी विज्ञानी सर सी.वी. रमन द्वारा 'रमन प्रभाव' की खोज की स्मृति में मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय है **"विज्ञान में महिलाएं–विकसित भारत की उत्प्रेरक"।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश के वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं को विज्ञान दिवस पर शुभकामनाएं दी हैं।

****

प्रदेश सरकार सभी कैंटोनमेंट अस्पतालों में भी आयुष्मान कार्डधारकों को इलाज की सुविधा देगी। इसके लिए जल्द ही स्टेट हेल्थ एजेंसी बारह कैंटोनमेंट अस्पतालों के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर करेगी। प्रदेश में कुल तेरह कैंटोनमेंट अस्पताल हैं। अभी केवल प्रयागराज कैंटोनमेंट अस्पताल में आयुष्मान कार्ड धारकों का इलाज किया जा रहा है। इसके सफल परिणाम को देखते हुए प्रदेश सरकार ने अब अन्य कैंटोनमेंट अस्पतालों में भी आयुष्मान कार्डधारकों को इलाज मुहैया कराने का निर्णय लिया है। स्टेट एजेंसी फार काम्प्रिहेंसिव हेल्थ एंड इंटीग्रेटेड सर्विसेज–साचीज की सीईओ अर्चना वर्मा ने बताया कि इसके लिये सभी औपारिकताएं पूरी कर ली गयी हैं।

****